राजभाषा हिन्दी पखवाड़ा

राजकीय महाविद्यालय ठियोग के हिन्दी विभाग द्वारा 9 सितम्बर 2026 से 23 सितम्बर 2026 तक 'हिन्दी पखवाड़ा' मनाया गया। इसका उद्देश्य स्नातक स्तर के विद्यार्थियों में हिन्दी भाषा से जुड़े विविध कौशल विकसित करने के साथ ही राजभाषा हिन्दी के महत्त्व और इसकी उपयोगिता संबंधी प्रचार-प्रसार करना था। इन पन्द्रह दिनों के मध्य विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं और पखवाड़े के समापन अवसर पर दिनांक 23 सितम्बर 2026 को 'हिन्दी उत्सव' मनाया गया।

❖ **पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता (9 सितम्बर 2026)**

पखवाड़े के पहले दिन हिन्दी भाषा के महत्त्व को दर्शाते विभिन्न पोस्टर विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए। अंग्रेज़ी विभाग से डॉ. पूनम और इतिहास विभाग से प्रो. हेमलता ठाकुर ने इसमें निर्णायक की भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता में कला स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा नीलम प्रथम व कला स्नातक तृतीय वर्ष की छात्रा पलक द्वितीय स्थान पर रहीं।

डॉ० संतोष ठाकुर
सहायक प्रोफेसर
हिन्दी विभाग

डॉ० अरुण कुमार
सहायक प्रोफेसर
हिन्दी विभाग

BS Thakur
डॉ० भूपिन्द्र सिंह ठाकुर
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
ठियोग।

- **सुलेख प्रतियोगिता (10 सितम्बर 2026)**

यह पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित दूसरी प्रतियोगिता थी, जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा अपनी सुंदर लेखनी का प्रदर्शन किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय में स्थापित साहित्य परिषद की समन्वयक डॉ श्रद्धा शाण्डिल का भी सहयोग रहा। इसमें तृतीय वर्ष से लक्ष्मी ने पहला और द्वितीय वर्ष से शीतल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों द्वारा लिखे गए अनुच्छेद में शब्दों की बनावट, वर्तनी संबंधी शुद्धियों-अशुद्धियों और विराम चिह्नों जैसे अन्य व्याकरणिक नियमों का ध्यान रखते हुए उनके परिणाम निकाले गए।

- **निबंध लेखन प्रतियोगिता (12 सितम्बर 2026)**

इस प्रतियोगिता को हिन्दी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. संतोष ठाकुर द्वारा सम्पन्न करवाया गया। डॉ. मनोज द्वारा लिखित निबंधों का मूल्यांकन कार्य सफल किया गया। इस प्रतियोगिता में कला स्नातक तृतीय वर्ष की छात्रा वाणिका शर्मा ने पहला और कला स्नातक तृतीय वर्ष की छात्रा रिया ने दूसरा स्थान अर्जित किया।

- **भाषण प्रतियोगिता (14 सितम्बर 2026)**

हिन्दी दिवस पर हिन्दी के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय महत्त्व से जुड़े विषय को केंद्र में रखकर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में कला स्नातक तृतीय वर्ष की छात्रा स्नेह लता विजेता और इसी कक्षा की छात्रा अंकिता उपविजेता रहीं। इसमें संस्कृत विभाग से डॉ. अनिल व वाणिज्य विभाग से प्रो. रितिका पांजटा ने निर्णायक के तौर पर अपना सहयोग दिया।

- **नारा लेखन प्रतियोगिता (17 सितम्बर 2026)**

हिन्दी विभाग के डॉ. अरुण कुमार द्वारा आयोजित नारा लेखन प्रतियोगिता में तृतीय वर्ष की छात्रा प्रकृति शर्मा ने पहला और कला स्नातक प्रथम वर्ष की छात्रा स्मृति शर्मा ने दूसरा स्थान अर्जित किया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और हिंदी भाषा और साहित्य के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण जैसे वर्तमान के ज्वलंत मुद्दों पर आधारित नारे लिखकर महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को जागरूक किया।

- **कविता लेखन प्रतियोगिता (19 सितम्बर 2026)**

विद्यार्थियों में लेखन कौशल विकसित करने के उद्देश्य से 19 सितम्बर को महाविद्यालय में कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्वरचित कविताएँ लिखकर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। प्रतियोगिता में तृतीय वर्ष की छात्राओं जय कृतिका और ईशा ने क्रमशः पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया।

- **प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (21 सितम्बर 2026)**

हिन्दी भाषा और साहित्य विषय पर केन्द्रित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हिन्दी पखवाड़े के तहत आयोजित अंतिम प्रतियोगिता थी। जिसमें कला स्नातक तृतीय वर्ष से जय कृतिका प्रथम व कला स्नातक द्वितीय वर्ष से मनीषा द्वितीय स्थान पर रही।

- **हिन्दी उत्सव (23 सितम्बर 2026)**

हिन्दी पखवाड़े के समापन अवसर पर दिनांक 23 सितम्बर 2026 को आयोजित 'हिन्दी उत्सव' में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. भूपिंद्र सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। ममता कालिया की कहानी '[illegible]' के मंचन में कलाकारों ने दर्शकों को मोबाइल रूपी महामारी से दूर रहने का सन्देश दिया। मुख्य अतिथि डॉ. ठाकुर द्वारा पखवाड़े के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को सम्मानित किया। यह पखवाड़ा हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अरुण कुमार शर्मा व सहायक आचार्य डॉ. मनोज ठाकुर के कुशल निर्देशन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

पोस्टर मेकिंग में नीलम रहीं प्रथम

ठियोग कॉलेज में हिंदी उत्सव का आयोजन, विजेता किए सम्मानित

संवाद न्यूज एजेंसी

ठियोग (रामपुर बुशहर)। राजकीय महाविद्यालय ठियोग के हिंदी विभाग ने हिंदी उत्सव के उपलक्ष्य में हिंदी सप्ताह का आयोजन किया। शुक्रवार को समापन पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश कीं। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. भूपिंद्र सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

इस दौरान विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग, सुलेख, निबंध लेखन, भाषण, नारा लेखन, कविता और प्रश्नोत्तरी सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गईं। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में नीलम ने प्रथम स्थान और पलक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सुलेख प्रतियोगिता में लक्ष्मी प्रथम, शीतल द्वितीय, निबंध लेखन प्रतियोगिता में आशिका शर्मा प्रथम और रिया ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

भाषण प्रतियोगिता में स्नेहलता प्रथम और अंकिता द्वितीय रहीं। नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रकृति शर्मा प्रथम व समृद्धि द्वितीय रहीं। कविता प्रतियोगिता में जय कृतिका प्रथम और ईशा द्वितीय, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जय कृतिका प्रथम और मनीषा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि डॉ. भूपिंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के महत्व के बारे में प्रेरित किया। इस मौके पर प्रो. अनीता राठौर, डॉ. प्रदीप ठाकुर, डॉ. अरुण और डॉ. मनोज शर्मा महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक मौजूद रहे।

ठियोग कॉलेज में प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागी। स्रोत : कॉलेज प्रबंधन

एसवीएम स्कूल ढली में हुआ सामूहिक गायन

शिमला। राजधानी के सरस्वती विद्या मंदिर ढली में शुक्रवार को वंदे मातरम अभियान के तहत राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्कूल प्रबंधन के अनुसार विद्या भारती की राष्ट्रीय समिति के आह्वान पर देशभर में [illegible] एक साथ सामूहिक वंदे मातरम गायन किया गया। [illegible] स्कूल में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के [illegible] शर्मा ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि देश के प्रति सम्मान, एकता और राष्ट्र भक्ति की भावना का प्रतीक है। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य भावना ठाकुर समेत कई अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे। संवाद

डॉ. मनोज ठाकुर
सहायक प्रोफेसर
हिन्दी विभाग

डॉ. अरुण कुमार
सहायक प्रोफेसर
हिन्दी विभाग

B S Thakur
डॉ. भूपिन्द्र सिंह ठाकुर
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
ठियोग।